भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1652

15 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

कुंभकोणम शहर को राष्ट्रीय स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत शामिल करना

1652 श्री एस. कल्याणसुन्दरमः

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार आगामी 'महामगम महोत्सव 2028' को ध्यान में रखते हुए तमिलनाडु राज्य के कुंभकोणम शहर को राष्ट्रीय स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत शामिल करने की लंबे समय से चली आ रही मांग से अवगत है;
(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और योजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो क्या कुंभकोणम शहर में शहरी अवसंरचना के विकास के लिए विशेष वित्तीय पैकेज हेतु कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, क्योंकि बारह वर्षों में एक बार आयोजित होने वाले इस मेले में करोड़ों लोगों के आने की उम्मीद है;
(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) से (ड.) स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के तहत चैलेंज प्रक्रिया के 2 चरणों के बाद 100 शहरों का चयन किया गया है। पहले चरण में, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार ने अपने राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र में संभावित स्मार्ट शहरों को शॉर्टलिस्ट किया। पहले चरण में सफल होने वाले शहरों की बाद में राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा दूसरे चरण की राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं के लिए आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओयूएचए) को सिफारिश की गई थी ।

स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के तहत तमिलनाडु राज्य में 11 शहरों अर्थात चेन्नई, कोयंबटूर, इरोड, मदुरै, सेलम, तंजावुर, थूथुकुडी, तिरुचिरापल्ली, तिरुनेलवेली, तिरुप्पुर और वेल्लोर का चयन किया गया हैं। कुंभकोणम को तमिलनाडु राज्य सरकार द्वारा एससीएम के तहत चयन के लिए सिफारिश किए गए शहरों में शामिल नहीं किया गया था। 31 मार्च, 2025 को एससीएम के समाप्त होने के बाद, एससीएम के तहत नए शहरों को जोड़ने के लिए कोई और बजट प्रावधान नहीं किया गया है।

*****